# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 316 /07 / प्रशा0 / MSU / 2025–26 दिनांक : 14-5-25

सेवा में,

01. प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. शैक्षणिक समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः विश्वविद्यालय / संस्थान में अग्नि रोधक यंत्र (Fire Extinguisher) को स्टैण्ड बनाकर रखे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के संलग्न पत्र संख्या–2943 / 32–जी0एस0 / 2025, दिनांक 08 मई, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अग्नि रोधक यंत्र (Fire Extinguisher) को स्टैण्ड के नमूना की फोटो इस आशय से प्रेषित की गई है कि विश्वविद्यालय / संस्थान में अग्नि रोधक यंत्र (Fire Extinguisher) को इसी प्रकार स्टैण्ड बनाकर उस पर रखे जाने की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय / संस्थान में अग्नि रोधक यंत्र (Fire Extinguisher) स्टैण्ड बनाकर रखने की आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

<u>प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>

01. अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव।
05. समस्त सहायक कुलसचिव।
06. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।

सहायक कुलसचिव

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

**लखनऊ–226027**

VC0/32
09/05/025

संख्या:ई– 2943 /32–जी0एस0/2025
दिनांक : 08 मई, 2025

प्रेषक :

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,**
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

AR (प्रशा0)
09-05-25

**कुलपति/निदेशक,**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः विश्वविद्यालय/संस्थान में अग्नि रोधक यंत्र (Fire extinguisher) को स्टैण्ड बनाकर रखे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के क्रम में अवगत कराना है कि अग्नि से बचाव/रोकथाम हेतु राजभवन, लखनऊ में अग्नि रोधक यंत्र (Fire extinguisher) को आकास्मिक परिस्थिति में सुगमता से उपलब्धता हेतु जिस प्रकार स्टैण्ड बनाकर रखा गया है, उसी प्रकार से समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान में अग्नि रोधक यंत्र (Fire extinguisher) को स्टैण्ड बनाकर रखे जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

अतएव अग्नि रोधक यंत्र (Fire extinguisher) के स्टैण्ड के नमूने की फोटो संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय/संस्थान में अग्नि रोधक यंत्र (Fire extinguisher) को इसी प्रकार स्टैण्ड बनाकर उस पर रखाये जाने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।

Registrar/Engineer/F.O.
For n.a.

**संलग्नक** : यथोपरि।

9/5/25

कुलपति

भवदीय,

08/05/25

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।



